# हरियाणा विधान सभा

दिसंबर 2023

## तारांकित प्रश्न

## 15 दिसम्बर 2023

- - - -

कुल प्रश्न 20

- - - -

### जल भराव की समस्या का समाधान करना

*1 **श्री इन्दु राज (बड़ौदा):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि बरोदा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र से गुजरने वाली रेलवे लाईन के नीचे बने अडंरपासों में पानी जमा हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को दूसरे गांवों में आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है; तथा

(ख) यदि हाँ, तो अडंरपासों अर्थात् ठसका से माहरा, मुंडलाना से सिरसाढ़ (36), मुंडलाना से सिवानका(38), मुंडलाना से बाढ़ोती (41), सैनीपुरा से महमूदपुर (34), गाँव भैंसवाल में रोहतक से पानीपत सड़क तथा गोहाना से महमूदपुर इत्यादि की उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किये जाने की सभावना है?

- - - -

### राजपत्रित हकदारी कृत्य को वापिस लेना

*2 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः

(क) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा निष्पादित राजपत्रित हकदारी कृत्य को वापिस लेने के कारण क्या हैं ; तथा

(ख) क्या राज्य के सरकारी खजाने के हित में इस मामले की समीक्षा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## पलवल को रेनीवेल योजना से जोड़ना

*3 **श्री दीपक मंगला ( पलवल)ः**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि :

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल शहर के अधिकांश क्षेत्रों में भूमिगत जल खारा हो गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या पलवल शहर को रेनीवेल योजना से जोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। यदि हाँ , तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## नए जिले बनाना

*4 **श्री सत्य प्रकाश ( पटौदी)ः**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः

(क) क्या वर्तमान जिलों का पुनर्गठन करके नए जिले बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या पटौदी तथा मानेसर को नए जिलों के रूप में घोषित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## औद्योगिक क्षेत्र विकसित करना

***5 श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका पूर्ण ब्यौरा क्या है?

----

## अनधिकृत कॉलोनियों का ब्यौरा

***6 श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में वर्ष 2014 में विद्यमान/ रिकॉर्ड अनुसार अनधिकृत कॉलोनियों की संख्या कितनी थी;

(ख) वर्ष 2005 से 2014 तक नियमित हुई अनधिकृत कॉलोनियों की संख्या कितनी है तथा उनका जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2014 से 2023 तक अस्तित्व में आई अनधिकृत कॉलोनियों की संख्या कितनी है तथा उनका जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) वर्ष 2014 से 2023 की समयावधि के दौरान राज्य में नियमित की गई कॉलोनियों की संख्या कितनी हैं तथा उनका जिले-वार ब्यौरा क्या है तथा नियमितिकरण की नीति क्या है;

(ङ) इस अवधि के दौरान प्रत्येक जिले में अनधिकृत कॉलोनियों के संबंध में दर्ज की गई एफ.आई.आर. (प्राथमिकी सूचना रिपोर्ट) की संख्या कितनी है;

(च) इस अवधि के दौरान अर्थात् 2014 से 2023 तक ध्वस्त की गई/गिराई गई अनधिकृत कॉलोनियों की संख्या कितनी है; तथा

(छ) अनापत्ति प्रमाण पत्र/फ्री जोन में विकसित अनधिकृत कॉलोनियों के संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है?

----

## एम्स का निर्माण करना

*7 **श्री चिरंजीव राव ( रेवाड़ी):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि ?

(क) क्या जिला रेवाड़ी में एम्स का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त एम्स के भवन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा इस संबंध में अब तक कितनी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है ?

----

## राजकीय महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य आरम्भ करना

*8 **श्री सोमबीर ( दादरी):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि अपेक्षित भूमि का अधिग्रहण करने के पश्चात् दादरी शहर में राजकीय महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

----

## विकास कार्यों को पूरा करना

*9 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि नगर निगम फरीदाबाद में निधि के अभाव के संबंध में नगर निगम फरीदाबाद द्वारा निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय को अपने पत्र क्रमांक एमसीएफ/एसई/2023/978 दिनांकित12.10.2023 के माध्यम से एनआईटी विधानसभा के विकास कार्यों की 27.48 करोड रुपए की फाइल भेजी थी तथा उसमें उक्त कार्यों को करवाने की आवश्यकता भी वर्णित की गई थी; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त फाइल की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त फाइल के कब तक स्वीकृत होने की संभावना है तथा उपरोक्त कार्य कब तक पूरे किए जाने की संभावना है?

----

## क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण से संबंधित ब्यौरा

*10 **श्री शीशपाल सिंह केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में बाढ़ के पश्चात् क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपने हुए नुकसान के लिए कुल कितने लोगों ने पंजीकरण करवाया है तथा खेतों, पशुओं तथा घरों का पृथक- पृथक ब्यौरा क्या है;

(ख) उपरोक्त मुआवजा किस आधार पर निर्धारित किया गया है तथा उसकी राशि कितनी है;

(ग) कितने लोगों को मुआवजा दिया गया है तथा कितने लोगों का मुआवजा लंबित है तथा कितने लोगों के मुआवजे के लिए पंजीकरण रद्द किया गया तथा शेष लोगों को मुआवजा कब तक दिए जाने की संभावना है; तथा

(घ) उपरोक्त मामले के संबंध में सिरसा जिले का ब्यौरा क्या है?

----

## सरकारी शैलर राइस मिल स्थापित करना

*11 **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

(क) क्या जींद शहर में हैफ़ेड की एक सरकारी शैलर राइस मिल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त मिल के कब तक स्थापित किये जाने की संभावना है ?

----

## आई.टी.आई. का निर्माण कार्य आरंभ करना

*12 **श्री धर्मसिंह छोकर (समालखा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि समालखा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव चुलकाना में आई.टी.आई. का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है?

----

## पुराने वृक्षों का संरक्षण करना

*13 **श्री राम कुमार (इंद्री):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे कि

(क) गत् 5 वर्षों के दौरान राज्य में बढे हुए वन क्षेत्र का ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या राज्य में पुराने वृक्षों को संरक्षित करने की कोई योजना/प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## तालाबों की मरम्मत तथा नवीनीकरण करना

*14 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या झज्जर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के निम्नलिखित तालाबों की साफ-सफाई , मरम्मत तथा नवीनीकरण के कार्यों को निष्पादित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:-

(i) गांव तलॉव में बगला चौपाल के पास गुई जोहड़;

(ii) गांव जोंधी में शिव मंदिर के पास का तालाब;

(iii) गांव गोरिया में बाबा नाथुनाथ तथा शिव मंदिर के पास का तालाब;

(iv) गांव मुंडाहेड़ा के बीच में हरजी वाला तालाब;

(v) गांव भूरावास में प्राचीन एवं पवित्र तालाब;

(vi) गांव खेडी खुमार के बीच में रामेश्वर तालाब ;

(vii) गांव कबलाना में प्राचीन मंदिर के पास खातीवाला तालाब;

(viii) गांव अकेहरी मदनपुर में इंदिरा कॉलानी के पास का तालाब;

(ix) छुछकवास में मुख्य सड़क पर खारिया तालाब; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है।

----

## अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम का निर्माण करना

*15 **श्री बलबीर सिंह (इसराना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा गांव खण्ड्रा में अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की गई थी परन्तु ढाई वर्ष बीत जाने के बाद भी उक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य अब तक शुरु नहीं किया गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य कब तक शुरू/पूरा किये जाने को संभावना है ?

----

## अदेयता प्रमाणपत्र जारी करना

***16 श्रीमती शैली चौधरी (नारायणगढ़):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है की नारायणगढ़ में घरों को बेचने या खरीदने के लिए नगरपालिका द्वारा अदेयता प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाता है; तथा

(ख) यदि हाँ, तो अदेयता प्रमाणपत्र जारी न करने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## महाविद्यालय का निर्माण कार्य आरंभ करना

***17 श्री सुभाष सुधा (थानेसर):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 10188 दिनांकित 4.6.2015 के अनुसार थानेसर के गांव भिवानी खेड़ा में 10 एकड़ भूमि पर एक वी.एल.डी.ए. डिप्लोमा महाविद्यालय खोलने की घोषणा हुई थी जिसके लिए लुवास विश्वविद्यालय द्वारा उक्त महाविद्यालय के निर्माण के लिए अनुमानित बजट तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव भेजा गया है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त बजट तथा पदों को कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है तथा उपरोक्त महाविद्यालय का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पुल का निर्माण करना

***18 श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री कृपया बताएंगे किः

(क) क्या गांव कांटी में आरक्षित वन के 800 मीटर क्षेत्र से गुजरने वाले अटेली से बहरोड़ मार्ग पर पुल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ताकि आमजन को आवागमन के दौरान किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े तथा जानवर पुल के नीचे से आसानी से इधर-उधर जा सके ; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की सम्भावना है?

----

## शुगर मिल स्थापित करना

***19 श्रीमती रेणु बाला (साढौरा):**

क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या सढौरा, बिलासपुर तथा छछरौली तीन शहरों के केंद्र में शुगर मिल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## चिकित्सकों तथा पैरा मेडिकल अमले की कमी

***20 चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि सुविधाओं की कमी, वरिष्ठ चिकित्सकों, चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल अमले इत्यादि की कमी होने के कारण नूहं में शहीद हसन खान राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हड़ लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने में असमर्थ है; यदि हां, तो इस समस्या को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) सरकार द्वारा कनिष्ठ रेजिडेंटस/वरिष्ठ रेजिडेंटस चिकित्सकों को पहले दिए जाने वाले विशेष चिकित्सा क्षेत्र भत्ता वापस लेने के कारण क्या हैं; तथा

(ग) चिकित्सा महाविद्यालय में अल्ट्रासाउंड, जांच प्रयोगशाला तथा उपचार के लिए आवश्यक दवाईयों की सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराए जाने के क्या कारण हैं?

----

**चंडीगढ़.**
**दिनांक 15 दिसंबर, 2023.**

**राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**सचिव**